## एनएफटीई की दो दिवसीय परिमंडल कार्यकारिणी बैठक संपन्न

# 10 साल से लंबित थर्ड पीआरसी और 4जी विस्तार पर की चर्चा

नर्मदापुरम | नेशनल फेडरेशन ऑफ टेलीकॉम एंप्लॉइज की परिमंडल कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक 2 और 3 सितंबर को आयोजित हुई। स्वागत समिति के अध्यक्ष हरनाम सिंह झा ने बताया इसमें मप्र के सभी जिलों से प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में विभाग में हो रहे बदलावों, उपभोक्ताओं को सेवाओं में आ रही दिक्कतों और 4जी नेटवर्क के तेजी से विस्तार की रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। अधिवेशन में बीते 10 वर्षों से लंबित थर्ड पीआरसी (वेतन पुनरीक्षण) का मुद्दा प्रमुखता से उठा। प्रतिनिधियों के अनुसार वेतन पुनरीक्षण न मिलने को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी देखी गई। इस दौरान जिला सचिवों और प्रतिनिधियों ने अपनी स्थानीय समस्याएं परिमंडल सचिव केएस ठाकुर और परिमंडल अध्यक्ष नरेंद्र राठौर के सामने रखीं। दोनों पदाधिकारियों ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का ठोस आश्वासन दिया।



संगठन से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

बैठक के विशेष ओपन सेशन की अध्यक्षता नरेंद्र राठौर ने की। इसमें अखिल भारतीय सीएचक्यू सचिव वैभव साहू ने राष्ट्रीय स्तर की स्थिति के साथ एयूएबी के बैनर तले प्रस्तावित आंदोलनों की रूपरेखा प्रस्तुत की। परिमंडल सचिव केएस ठाकुर, कोषाध्यक्ष एमडी सुलोडकर, महाप्रबंधक राजकुमार छनैना, एआईजीईटीओए के जिला सचिव नितिन मालवीय, एजीएम केके मिश्रा, डीजीएम सुरेश जाधव और एजीएम (प्रशासन) विपुल श्रीवास्तव सहित अन्य संगठनों व प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में कर्मचारी हितों और संगठन की मजबूती से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंच संचालन शहीद कुरैशी ने किया।